**प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में दिनांक 05.09.2017 को आयोजित विभागीय पदाधिकारियों के साथ कार्यो की साप्ताहिक समीक्षा बैठक की कार्यवाही :–**

प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग की अध्यक्षता में दिनांक 05.09.2017 को विभागीय पदाधिकारियों के साथ कार्यो की साप्ताहिक समीक्षा बैठक की गयी, जिसमें विभाग के सभी वरीय पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी एवं प्रशाखा पदाधिकारी उपस्थित हुए।

2. श्री सोमेश कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया गया कि नगर निकायों एवं बिहार राज्य जल पर्षद के स्तर पर हर घर नल–जल योजना की लंबित निविदा के शीघ्र निष्पादन हेतु follow up करें। निविदा में जो छोटी–छोटी कमियां रह जा रही है, उसके संबंध में भी दिशानिर्देश निर्गत किया जाय।

यह भी निर्देश दिया गया कि MIS द्वारा तैयार किये गए सॉफ्टवेयर में तत्काल हर घर नल–जल योजना एवं नाली–गली योजना की प्रगति को प्रविष्ट किया जाय।

**(अनुपालन :– श्री सोमेश कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता)**

3. निर्देश दिया गया कि नगर निकाय क्षेत्रांतर्गत अवस्थित सभी सड़कों यथा पथ निर्माण विभाग की सड़कें, नगर निकाय की सड़कों की वार्डवार, रोड का नाम, रोड की चौड़ाई एवं लंबाई की पूर्ण सूची सभी नगर निकायों से प्राप्त की जाय एवं इसे विभागीय वेबसाईट पर index बनाकर अपलोड की जाय। यथासंभव GIS Map का Coding अपनाया जाय। पथों की सूची प्राप्त करने हेतु एक प्रपत्र तैयार कर सभी नगर निकायों को भेजा जाय। इससे स्ट्रीट लाईट का सर्वे, निश्चय योजना के कार्यान्वयन आदि में सहुलियत होगी।

**(अनुपालन :– श्री सोमेश कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता /आई०टी० मैनेजर)**

4. AMRUT योजनांतर्गत पार्क निर्माण की कई योजनाओं की निविदा विभागीय अभियंत्रण शाखा में निष्पादन हेतु लंबित है। निर्देश दिया गया कि इस योजनांतर्गत पार्क निर्माण की लंबित निविदा का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाय तथा SLTC एवं HPSC की बैठक आयोजित करके स्वीकृति प्राप्त करने की कार्रवाई की जाय।

**(अनुपालन :– श्री अनिल कुमार मिश्रा, कार्यपालक अभियंता)**

5. बिहार राज्य आवास बोर्ड की कंकड़बाग की जमीन, जिसका हस्तांतरण तरणताल के निर्माण हेतु कला, संस्कृति एवं युवा विभाग को करने की कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में उल्लेखनीय है कि कला, संस्कृति एवं युवा विभाग की माननीय मुख्यमंत्री के स्तर पर समीक्षा बैठक के दौरान निर्देश प्राप्त हुआ है कि उक्त भूमि पर अब इंडोर स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। इस संबंध में अग्रेत्तर कार्रवाई की जाय।

**(अनुपालन :– श्री नरेन्द्र कुमार सिंह, अपर सचिव)**

6. विभाग में प्राप्त होने वाले आरोप संबंधी सभी पत्रों यथा पदाधिकारियों/कर्मियों के विरूद्ध आरोप, जनप्रतिनिधियों के विरूद्ध आरोप संबंधी सभी मामले अब प्रशाखा–9 द्वारा निष्पादित किये जाएंगे एवं जाँच प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद उसकी समीक्षा करके पूरे मामले का प्रतिवेदन अनुशासनिक कार्रवाई हेतु संबंधित प्रशाखा–1 एवं 5 को उपलब्ध कराएंगे। तदोपरांत संबंधित प्रशाखा द्वारा अग्रेत्तर अनुशासनिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**(अनुपालन :– प्रशाखा पदा०–1, 5 एवं 9)**

7. प्रशाखा–5 में CWJC के 95 एवं MJC के 20 मामले माननीय उच्च न्यायालय में प्रतिशपथ पत्र दायर करने हेतु लंबित हैं, जिसमें पैनल अधिवक्ता के पास 47 मामलों में SOF तैयार करने हेतु लंबित हैं। प्रशाखा–10 में CWJC के 32 एवं MJC के 10 मामले लंबित हैं।

निर्देश दिया गया कि सर्वप्रथम MJC मामले में प्रतिशपथ दायर किया जाय एवं लंबित CWJC में भी शीघ्र SOF तैयार कराकर प्रतिशपथ पत्र दायर करना सुनिश्चित किया जाय।

प्रशाखा पदाधिकारी–11 को भी निर्देश दियाा गया कि MJC के लंबित 2 मामलों में प्रतिशपथ पत्र शीघ्र दायर कराना सुनश्चित करें।

सभी प्रशाखाओं द्वारा MJC संबंधी संचिकाओं को वर्तमान सप्ताह में उपस्थापित किया जाय।

**(अनुपालन :– सभी प्रशाखा पदाधिकारी)**

8. प्रशाखा पदाधिकारी–6 द्वारा बताया गया कि निवेदन समिति की विभाग में 166 मामले अभी तक लंबित हैं, जिसमें से 143 मामले प्रशाखा–2 से संबंधित हैं। इस संबंध में श्री महेन्द्र सिंह, विशेष कार्य पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 50 मामलों की कार्रवाई प्रशाखा–2 द्वारा हो गयी है एवं कई मामले में नगर निकाय से प्रतिवेदन प्राप्त नहीं होने के कारण लंबित हैं।

प्रशाखा पदाधिकारी–6 को निर्देश दिया गया कि सभी विधानमंडलीय मामलों यथा प्राक्कलन समिति, ध्यानाकर्षण समिति, आश्वासन समिति, निवेदन समिति आदि विधानमंडलीय प्रश्नों की नियमित समीक्षा एवं अनुश्रवण किया जाय एवं लंबित मामले का शीघ्र निष्पादन कराया जाय एवं अनुपालन प्रतिवेदनों को वर्षवार समेकित करके व्यवस्थित रूप से कम्प्यूटराईज्ड प्रतिवेदन तैयार करके अवलोकन हेतु उपस्थापित किया जाय। **(अनुपालन :– प्रशाखा पदा०– 6)**

9. प्रशाखा पदाधिकारी–6 द्वारा बताया गया कि प्रशाखा–6 में एकमात्र सहायक श्री राजीव कुमार कार्यरत हैं, जिसके कारण सभी कार्यों का ससमय निष्पादन एवं अनुश्रवण नहीं हो पाता है।

निर्देश दिया गया कि प्रशाखा–5 से एक सहायक को स्थानांतरित करते हुए प्रशाखा–6 में पदस्थापित किया जाय ताकि विधानमंडलीय कार्यों का त्वरित निष्पादन हो सके।

**(अनुपालन :– निदेशक, नगरपालिका प्रशासन)**

10. मोबाईल टॉवर के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय में दायर रिट याचिका से संबंधित सभी रिट पेटिशनर के नाम के साथ समीक्षा करते हुए संचिका में स्पष्ट प्रस्ताव उपस्थापित किया जाय।

**(अनुपालन :– प्रशाखा पदा०– 5)**

11. Advertisement Tax नगर निकायों को प्राप्त हो, इसके लिए यथोचित कार्रवाई किया जाय। इस हेतु अन्य राज्यों के advertisement rules का अध्ययन करके, राज्य के नगर निकायों के लिए advertisement rules तैयार करने हेतु शीघ्र अग्रेत्तर कार्रवाई की जाय। इस संबंध में माननीय मुख्यमंत्री के स्तर आयोजित विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान भी निर्देश प्राप्त हुए हैं। इस संबंध में यह उल्लेखनीय है कि पूर्व में Advertisement Tax वाणिज्य कर विभाग द्वारा प्राप्त किए जाते थे, जो अब GST लागू होने के बाद उसमें समाहित हो गये हैं। **(अनुपालन :– श्री के०डी० प्रोज्जवल, उप सचिव)**

12. ULB Structure के साथ बिहार नगर सेवा के कर्मियों के लिए Cadre Rules तैयार किया जाय। इसमें नियमित नगर प्रबंधकों एवं कार्यपालक पदाधिकारियों की प्रोन्नति प्रक्रिया एवं योग्यता को भी समाविष्ट किया जाय। इस संबंध में पद सृजन की भी कार्रवाई की जाय।

प्रशाखा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि Cadre Rules तैयार करके इस सप्ताह में अनिवार्य रूप से उपस्थापित किया जाय। **(अनुपालन :– प्रशाखा पदाधिकारी–1)**

13. सभी अनुमंडल मुख्यालय, जो वर्तमान में नगर निकाय नहीं है, उसकी सूची (जनसंख्या के साथ) तैयार की जाय एवं नगर पंचायत के रूप में गठन के संबंध में समीक्षा किया जाय।

**(अनुपालन :– प्रशाखा पदाधिकारी–5)**

14. श्री राहुल कुमार, CA को निर्देश दिया गया कि अन्य राज्यों में नगर निकायों में ग्रुप–सी० एवं डी० की नियुक्ति प्राधिकार एवं नियुक्ति की प्रक्रिया क्या है, इसकी जानकारी प्राप्त की जाय और एक सप्ताह के अंदर समेकित प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध करायी जाय। **(अनुपालन :–श्री राहुल कुमार, CA)**

15. निर्देश दिया गया कि NULM योजनांतर्गत कार्यरत CMMU, SMMU आदि का पिछले वर्ष एवं इस वर्ष का Performance Report शीघ्र अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराया जाय।

यह भी निर्देश दिया गया कि आश्रय स्थल का estimate पुराने SOR के स्थान पर नए SOR पर बनाया जाय। **(अनुपालन :–श्री संजीव पांडेय, Team Leader, PMC, NULM)**

16. माननीय मुख्यमंत्री के स्तर पर दिनांक 31.08.2017 को आयोजित बैठक में निर्देश प्राप्त हुआ है कि राज्य सरकार के किसी विभाग की जमीन पर कोई स्लम अवस्थित है तो उक्त जमीन के अंश में Affordable Housing and Slum Re-development Policy के तहत भवनों का निर्माण कराया जाय ताकि एक तरफ आवास की समस्या का निदान हो और ODF की दिशा में भी कार्य हो सके।

निर्देश दिया गया कि इस हेतु Affordable Housing Policy में आवश्यक संशोधन करने हेतु प्रस्ताव संचिका में उपस्थापित किया जाय।

17. निर्देश दिया गया कि हाउसहोल्ड बिन का Standard Quality, साईज आदि का मानक तैयार किया जाय एवं विभिन्न Standards का Upper Limit दर निर्धारण किया जाय तथा इस संबंध में एक विस्तृत दिशानिर्देश प्रारूप तैयार करके सभी नगर निकायों को भेजा जाय।

**(अनुपालन :–श्रीमती इन्दु कुमारी, वि०का०प०)**

18. वर्तमान में राज्य के कोई भी नगर निकाय पूर्णतः ODF घोषित नहीं हुआ है। इस संबंध में जिले के सभी नोडल पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि अपने जिले के नगर निकायों से ODF करने हेतु नियमित रूप से समन्वय किया जाय। **(अनुपालन :–जिले के सभी नोडल पदा०)**

19. विभागीय योजनाओं के निविदा संबंधी TA/TS के निष्पादन के अद्यतन स्थिति की जानकारी हेतु विभागीय वेबसाईट पर एक मॉड्यूल बनाने हेतु पूर्व से निर्देशित किया जाता रहा है, जिसका अनुपालन अभी तक नहीं हो पाया है। इस मॉड्यल में योजना के निविदा प्रक्रिया की अद्यतन स्थिति की नियमित रूप से संबंधित अभियंताओं द्वारा प्रविष्टि की जाएगी।

निर्देश दिया गया कि इस शीघ्र यह मॉड्यूल तैयार कर ली जाय।

**(अनुपालन :– श्री अमितेष, आई०टी० मैनेजर)**

20. सभी नगर निकायों में इस माह में अगले शिविर का आयोजन द्वितीय शनिवार (दिनांक 09.09. 2017) को होना निर्धारित है।

इस संबंध में जिले के सभी नोडल पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे शिविर के आयोजन हेतु अपने प्रभार के जिले के नगर निकायों से समन्वय करेंगे एवं शिविर के दिन अपने प्रभार के नगर निकायों में उपस्थित रहेंगे तथा शिविर की तिथि को ही अप० 05:00 बजे प्रगति प्रतिवेदन ई०–मेल के माध्यम से विभागीय MIS Cell को उपलब्ध कराएंगे एवं नगर निकाय में सामुदायिक शौचालय, मुख्यमंत्री निश्चय योजना आदि का अनुश्रवण एवं समीक्षा बैठक भी करेंगे।

**(अनुपालन :– जिले के सभी नोडल पदाधिकारी)**

21. नाली–गली निश्चय योजना एवं पेयजल निश्चय योजना के नोडल पदाधिकारियों का निर्देश दिया गया कि सभी योजनाओं में नगर निकायों एवं बिहार राज्य जल पर्षद में लंबित निविदा के शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधितों के साथ समन्वय सुनिश्चित किया जाय।

**(अनुपालन :– श्री प्रेमनाथ, का०अभि० / श्री सोमेश कुमार सिंह, का०अभि०)**

22. पेयजल योजना के रखरखाव एवं देखरेख हेतु शहरी स्थानीय निकायों में वार्ड स्तर पर "वार्ड कमिटी" के गठन हेतु शीघ्र आवश्यक कार्रवाई किया जाय। Water user charges की policy को भी शीघ्र बनाया जाय। उल्लेखनीय है कि इस संबंध में माननीय मुख्यमंत्री के स्तर पर आयोजित विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान निर्देश प्राप्त हुए हैं।

**(अनुपालन :–श्री सुरेश कुमार तिवारी / श्री के०डी० प्रोज्जवल, उप सचिव)**

23. सी०ए०जी० रिपोर्ट, लोक लेखा समिति का ऑडिट रिपोर्ट, Compliance report, नगर निकायों का बजट आदि को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड की जाय।

आई०टी० मैनेजर को निर्देश दिया गया कि विभागीय वेबसाईट पर finance का पेज बनाकर नगर निकायवार ऑडिट रिपोर्ट, internal audit आदि को अपलोड किया जाय तथा Double Entry Accounting की इंट्री हेतु वेबसाईट पर एक मॉड्यूल बनाकर DEAS के कंसल्टेंट को उपलब्ध करा दिया जाय।

**(अनुपालन :–प्रशाखा पदा०–7 एवं आई०टी० मैनेजर)**

24. प्रशाखावार / कोषांगवार संबंधी अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की विवरणी अनुलग्नक–1 के रूप में संलग्न है। इनमें वैसे मुद्दे, जो अभी तक लंबित हैं, उसकी सूची तैयार कर ली जाय एवं अगली बैठक में विमर्श हेतु उपस्थापित किया जाय।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

6/9/2017

**(चैतन्य प्रसाद),**
प्रधान सचिव

ज्ञापांक 5955 न०वि० एवं आ०वि० / पटना, दिनांक 06/09/17

प्रतिलिपि :– सभी विभागीय पदाधिकारी / जिले के सभी नोडल पदाधिकारी / प्रबंध निदेशक, बुडको / प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य जल पर्षद, पटना / Team Leader, PMC (NULM)/SPMG कोषांग / Team Leader, MIS/ Team Leader, DEAS/अभियंत्रण कोषांग / TCPO/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी / आई०टी० मैनेजर, नगर विकास एवं आवास को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

6/9/2017

प्रधान सचिव

